बकाया वेतन भुगतान की मांग को लेकर मजदूरों का अनिश्चितकालीन धरना जारी

कोटा, (निसं)। बकाया वेतन भुगतान की मांग को लेकर 27वें दिन भी जेके फैक्ट्री के मजदूरों का धरना कोटा कलेक्ट्री पर जारी रहा। मजदूर नेता उमा शंकर ने धरने को सम्बोधित करते हुए कहा कि सत्ता मे बैठे लोगों ओर प्रशासन के आला-अधिकारियों को जे. के. फैक्ट्री के 4200 पीड़ित परिवारों को सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार बकाया वेतन दिलाने से ज्यादा अराफ़ात को बचाने ओर फैक्ट्री कि बेशकीमती जमीन पर भू-माफियों का कब्जा कराने कि चिंता सता रही है। मजदूर नेताओं ने प्रशासन ओर सरकार कि नीतियों पर भी सवाल उठाया कि सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश पालना के उलट काम करते हुए फैक्ट्री कि जमीन को रीको को देने कि तैयारी कर रही जो उद्योग नियम 1959 के खिलाफ है सरकार कि इन सभी मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ हम सुप्रीम कोर्ट जायेंगे ओर सरकार को पूर्व मे दिए सुप्रीम के आदेश को राजस्थान सरकार से लागू कराकर

बकाया भुगतान को लेकर 27 दिन से धरने पर बैठे मजदूर।

फैक्ट्री कि जमीन को अराफ़ात से सरकार द्वारा अधीन कराकर मजदूरों का बकाया वेतन बटवाने के साथ साथ कोटा के विकास के लिए जे.के.फैक्ट्री को वापस चालू कराने के लिए सरकार को मजबूर करेंगे। हम लगातार धरने को आगे बढ़ाने का काम करेंगे जब तक सरकार मजदूरों को बकाया वेतन नहीं बांट देती ओर फैक्ट्री को वापस चालू करके फैक्ट्री कि मशीनों को खुर्द-बुर्द करने वाले अराफ़ात पर कड़ी कार्यवाही कर के जेल मे नहीं भेज देती सीटू के बैनर तले जे.के. फैक्ट्री के मजदूरों का अनिश्चितकालीन धरना सरकार के खिलाफ मांगों को लेकर जिला कलेक्ट्रेट पर निरंतर जारी रहेगा। मिडिया प्रभारी ने बताया कि श्रमिक महिलाओं ओर जनवादी महिला समिति कि महिला सदस्यों ने जे.के. फैक्ट्री के मजदूरों के धरने का समर्थन धरना स्थल पर अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति कोटा जिला रजनी शर्मा के नेतृत्व मे पहुंचकर समर्थन किया ओर जे. के. फैक्ट्री के मजदूरों के साथ अंतिम निर्णय तक संघर्ष मे शामिल रहने का जे.के. फैक्ट्री के मजदूर नेताओं को आश्वासन दिया। धरने के संचालक मजदूर नेता कामरेड हबीब खान ने धरने को कामरेड नरेंद्र सिंह, कामरेड उमाशंकर, महिला समिति जिला अध्यक्ष रजनी शर्मा, महिला नेता पुष्पा खींची, कामरेड अशोक सिंह, कामरेड हबीब खान ने सम्बोधित किया।

- **'27 दिन धरने के बाद भी नहीं सुनी मजदूरों की'**

फागोत्सव का रंगारंग आयोजन

कोटा, (निसं)। अखिल ब्राह्मण महासभा कोटा द्वारा संस्था भवन में फागोत्सव एवं होली स्नेह मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कोटा दक्षिण के विधायक संदीप शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। महिलाओं और पुरुषों ने फूलों की होली खेलकर त्योहार का आनंद लिया। विधायक संदीप शर्मा और धर्मपत्नि गीता शर्मा ने भी उत्साहपूर्वक फूलों की होली में भाग लिया। होली स्नेह मिलन समारोह में विधायक संदीप शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा, 'होली का त्यौहार हम सभी के लिए पुराने मनमुटाव भुलाकर, एक-दूसरे को गले लगाने का अवसर है।' महामंत्री नंद किशोर शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में संस्था के सभी सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से राम स्वरूप शर्मा, लहरी शंकर गौतम,नंद किशोर शर्मा, संजय शर्मा, नरेश पालीवाल, वैद्य रघुनंदन शर्मा, एडवोकेट एम.एम.शर्मा, गोपाल शर्मा, राजेन्द्र मोहन गौतम,बृज मोहन शर्मा, विजय भारद्वाज और योगेन्द्र दिक्षित शामिल थे। महिला मंडल से अम्बिका शर्मा, माया शर्मा, डॉ.सुशीला जोशी, सूरज लता शर्मा, उर्मिला गौतम, बबीता भार्गव, गीता शर्मा, लेखा दुबे, सावित्री गौतम और यामिनी कंटू आदि उपस्थित रहीं।

राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय को 'इंस्टीट्यूशनल अवार्ड'

कोटा, (निसं)। सामाजिक संस्था भागीदारी जनसहयोग समिति द्वारा राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) को राष्ट्रीय स्तर पर नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर सामुदायिक क्षेत्र में अर्जित असाधारण उपलब्धि के लिए 'इंस्टीट्यूशनल अवार्ड' से सम्मानित किया गया हैं।

आरटीयू के सह जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि दिल्ली में आयोजित एक समारोह में न्यायाधीश डॉ.संगीता ढींगरा सहगल एवं जन सहयोग समिति के अध्यक्ष विजय गौड़ ने विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के चीफ कॉ-ऑर्डिनेटर डॉ. राजेश भट्ट को सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट सेवाओं और असाधारण योगदान के लिए राष्ट्रीय जन जागरूकता पुरस्कार प्रदान किया। इस इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के पाँच छात्रों मुकेश, सुभाष मेघवाल, कुलदीप शर्मा, शक्तिसिंह मीणा, मुकेश विश्नोई ने अपनी असाधारण कला प्रतिभा एवं सामाजिक रचनात्मक सोच से नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम, इसके अधिनियम, प्रवर्तन और जागरूकता विषय पर पोस्टर प्रविष्टियों से राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय पुरस्कार भी प्राप्त किया।

इस कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों और राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाईयों ने भाग लिया। जिसमें राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

श्री श्याम रंगीलो फागोत्सव सम्पन्न

कोटा, (निसं)। श्री श्याम ही सहारा सेवा संस्था का तृतीय 2 दिवसीय श्री श्याम रंगीलो फागोत्सव 2025 का आयोजन तिरुपति बालाजी मंदिर में संपन हुआ। संस्था के कोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल ने बताया कि फागोत्सव के उपलक्ष में सर्वप्रथम बाबा श्याम की भव्य भजन संध्या का आयोजन हुआ जिसमें बाबा श्याम का भव्य दरबार दिल्ली कलकत्ता के फूलों से सजाया गया। साथ ही बाबा को छप्पन भोग लगाया गया, बाबा की अखंड जोत जलाई गई। संस्था अध्यक्ष दीपक गौतम ने बताया की भजन संध्या में दिल्ली से आए भविष्य सिकरी और दूनी से आए गौतम शर्मा ने भजनों की सरिता बहाई, जिसमे बाबा श्याम के साथ भक्तों ने फूलों की होली खेली। संयोजक मयंक शर्मा एवं मुकेश जैन ने बताया कि फागोत्सव के दूसरे दिन रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया।

आर्य उप प्रतिनिधि सभा ने किया वैदिक विद्वानों का सम्मान

कोटा, (निसं)। आर्य उपप्रतिनिधि सभा कोटा द्वारा होलिका नवसस्येष्टि के अवसर पर वैदिक विद्वानों का सम्मान किया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए सभा के प्रचार प्रभारी अग्निमित्र शास्त्री ने बताया कि वासन्ती नवसस्येष्टि पर्व पर आर्य उपप्रतिनिधि सभा के द्वारा आर्य समाज रेलवे कॉलोनी के वार्षिकोत्सव में वैदिक विद्वानों का सम्मान और अभिनंदन किया गया। शास्त्री ने बताया कि इस अवसर पर आर्य उपप्रतिनिधि सभा कोटा संभाग के प्रधान अरविंद पांडेय के नेतृत्व में महामंत्री चंद्रमोहन कुशवाह, संयोजक राकेश चड्ढ़ा वेद विदुषी डॉ.सुदेश आहूजा, डॉ.अपर्णा पाण्डेय, आर्य पुरोहित पं.श्योराज वशिष्ठ, गायत्री विहार के मंत्री उमेश कुर्मी हरिदत्त शर्मा, करणसिंह, प्रेमचन्द परिहार, अजय सूद और दीपक सिंह ने आर्य समाज रेलवे कॉलोनी मे आगरा से आये हुए वैदिक विद्वान डॉक्टर नरेंद्र अग्निहोत्री तथा बिजनौर से पधारे हुए पं भीष्मदेव आर्य का ओम का पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर आर्य उपप्रतिनिधि सभा के प्रधान अरविंद पांडेय ने दोनों वैदिक विद्वानों को कोटा में आर्य समाज द्वारा संचालित वैदिक गतिविधियों एवं सेवा कार्यो जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए आर्य समाज रेलवे कॉलोनी के प्रधान हरि दत्त शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर 11 मार्च से 13 मार्च पर्यंत आर्य समाज रेलवे कॉलोनी में वासन्ती नवसस्येष्टि पर्व एवं वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में वैदिक सिद्धांतों संबंधित प्रवचन एवं भजनों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित आर्यजनो को संबोधित करते हुए वैदिक विद्वान डॉक्टर नरेंद्र अग्निहोत्री ने कहा कि वैदिक काल में फाल्गुन पूर्णिमा के अवसर नवसस्येष्टि यज्ञ का आयोजन किया जाता था।

- **-वैदिक वासन्ती नवसस्येष्टि का ही वर्तमान स्वरूप है होलीकोत्सव**

ऐतिहासिक विरासत संजोने आगे आये ग्रामीण

- **जुल्मी में प्राचीन कुण्ड की सफाई करवाई**
- **प्राचीन कुण्ड-जुल्मी निवासी चन्दन गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि प्राचीन कुण्ड**
- **पहले भी हुआ था प्रयास-शिव कुण्ड बीघाबाव के लिए पूर्व में**

रामगंजमण्डी,(निसं)। जुल्मी में प्राचीन शिव मन्दिर के पास स्थित शिव कुण्ड बीघाबाव के जीर्णोद्धार को लेकर ग्रामीणों ने रविवार को स्वयं के स्तर पर सफाई अभियान शुरू किया। उल्लेखनीय है कि होली के दिन जुल्मी आये शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर को ग्रामीणों ने प्राचीन कुण्ड बीघाबाव के जीर्णोद्धार के लिए विधायक कोष से राशि स्वीकृत कराने के लिए आग्रह किया था। जिस पर मंत्री दिलावर ने पहले ग्रामीणों से कुण्ड की सफाई स्वयं के स्तर पर करने के लिए कहा था। रविवार को ग्रामीणों ने एक शावल मशीन व तीन डम्पर लगाकर कुण्ड में पड़े मलबे को निकालना शुरू किया।

इस अवसर पर हुकमचन्द मोदी, दुर्गाशंकर गुर्जर, मोहनलाल पाटीदार, दिलीप गुप्ता, हरिओम कारपेंटर, त्रिलोक राठौर, राकेश पंकज, श्यामलाल गुर्जर, राजगोपाल शर्मा, मोहित गुप्ता, प्रताप सिंह हाड़ा व मोहनलाल प्रजापति सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। ऐतिहासिक विरासत है प्राचीन कुण्ड-जुल्मी निवासी चन्दन गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि प्राचीन कुण्ड बीघाबाव जुल्मी में ऐतिहासिक विरासत है। इस कुण्ड में स्नान करने मात्र से चर्म रोग व कुष्ठ रोग सही हो जाते हैं। गांव के अधिकांश बच्चे इसी कुण्ड में तैरना सीखते हैं। लेकिन प्रशासन व ग्रामीणों की उदासीनता के कारण धीरे-धीरे बीघाबाव जर्जर हो गया व सीढ़ियां नष्ट होकर मलबे में तब्दील हो गई थी। कुण्ड में आज तक किसी की डुबने से मृत्यु नहीं हुई और अनजान व्यक्ति धोखे से भी गिर गया तो तैरकर बाहर आया। पहले भी हुआ था प्रयास-शिव कुण्ड बीघाबाव के लिए पूर्व में भी जीर्णोद्धार का प्रयास हुआ था। जुल्मी निवासी स्व.भवानी शंकर कारपेंटर व तत्कालीन सरपंच नन्दुबाई अहीर के प्रयासों से तत्कालीन जिला प्रमुख मधु कंवर हाड़ा के समय नवाचार निधि के माध्यम से तीन दिवालों का निर्माण हुआ था किन्तु पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव हो जाने से कार्य अधूरा रह गया था। ग्रामीणों को उम्मीद है कि अब शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर विधायक कोष से शिव कुण्ड बीघाबाव के जीर्णोद्धार के लिए शीघ्र राशि स्वीकृत करेंगे।

होली स्नेह मिलन समारोह मनाया

कोटा, (निसं)। आर.के.पुरम बी विकास समिति के तत्वावधान में संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में होली स्नेह मिलन समारोह के अन्तर्गत अभिनंदन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह जानकारी प्रवक्ता पी.पी.गुप्ता ने दी। गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि लोकसभा स्पीकर ओम बिरला एवं कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा रहे। स्थानीय समिति की ओर से आयोजित रंग-बिरंगे प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागी एवं प्रतिभाओं का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर वार्ड पार्षद नगर निगम कोटा की सुमित्रा खिंची एवं समिति अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा ने अतिथियों की अगवानी कर स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा महिला प्रदेश सचिव अनुसुइया गोस्वामी, आरकेपुरम मण्डल अध्यक्ष अक्षय चौधरी, मण्डल प्रतिनिधी हरकचंद जैन, पूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष दिलीप शर्मा, शहर भाजपा जिला महामंत्री जगदीश जिंदल, पूर्व प्रधान धनराज मीणा सहित अतिथियों का समिति की ओर से स्वागत किया गया।

पोरवाल समाज ने राजा टोडरमल की जयंती मनाई

कोटा, (निसं)। कृतज्ञ पोरवाल समाज ने प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी राजा टोडरमल की जयंती धूमधाम और हर्ष उल्लास के साथ मनाई। इस शुभ अवसर पर भव्य जुलूस का शुभारम्भ महिलाओं को श्याम सुंदर पोरवाल की तरफ़ से विशेष गिफ्ट देने के उपरांत गायत्री मंदिर तलवंडी से पोरवाल माँगलिक एवं सामुदायिक भवन तक भव्य जुलूस निकाला जिसमे मातृ-शक्ति लाल साड़ी में सज-सँवर कर आई और पुरुष सफेद कुर्ता-पजामा में थे इसमें युवा वरिष्ठजन और सम्पूर्ण पोरवाल समाज के लगभग 525 सदस्य शामिल हुए।

जुलूस के दौरान सभ्य समाज ने पूर्ण अनुशासन का परिचय दिया जुलूस के दो रथो पर भव्य झांकी सजाई गई और रथ के आगे चार घोड़ो पर पदाधिकारी सवार थे पीछे लगभग 125 स्कूटर/मोटर साइकिल सवार और लगभग 40 कारें भी जुलूस में शामिल रही जुलूस के दौरान महिला-शक्ति ने नाच गान का आयोजन किया कई स्वजनों द्वारा लगभग 30 से अधिक तोरण द्वार बनाकर जुलूस का स्वागत किया। आखिल भारतीय पोरवाल महासंघ, दिल्ली एवं पोरवाल समाज कोटा के अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने इस अवसर पर आराध्य राजा टोडरमल के जीवन से प्रेरित होकर समाज के सभी परिवारजनों की कुशलतापूर्वक बेहतर उन्नति के लिए प्रभु से मंगलमय शुभकामनाएं की उन्होंने बताया कि पूज्य टोडर मल हमारे समाज की एकता के द्योतक है और पूज्य टोडर मल के त्याग पूर्ण जीवन से हमे अनुकरणीय संदेश मिलता हे जो अपनी जड़ों की और लौटने की प्रेरणा देता हे ताकि हम समझ सके कि " इदम शरीरम परोपकाराय" "सबसे प्रेम सबकी सेवा"सभी के लिए अनुकरणीय संदेश दिया। अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने सामाजिक सरोकार के मामलों पर बताया कि विवाह पूर्व फोटोग्राफी 'प्री वेडिंग फोटोग्राफी' सामाजिक, सांस्कृतिक और नैतिक दृष्टि से उचित नहीं है। इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया की विवाह समारोह में ज्यादा व्यंजन बनाना एक होड़ सी बन गई हैं।

युवती की गला दबाकर हत्या का हुआ खुलासा

कोटा, (निसं)। कोटा ग्रामीण इलाके के सिमलिया क्षेत्र में एक युवती की गला दबाकर हत्या के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस टीम ने युवती के हत्यारे को गिरफ्तार किया है। युवती का हत्यारा उसका पड़ौसी निकला जिसने पूछताछ में प्रेम संबंध मे हुए झगड़े के कारण गला घोंट कर हत्या करना स्वीकार किया। मृतका युवती की एक महीने बाद शादी होने वाली थी। मृतक युवती का शव पड़ौसी की छत पर मिला था। कोटा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि सिमलिया इलाके के कालारेवा गांव में 13 मार्च को हुए युवती के मर्डर के मामले का खुलासा करने के लिये कोटा ग्रामीण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकल्याण मीणा के निर्देशन में पुलिस उपअधीक्षक राजेश ढाका के सुपरविजन एवं सिमलिया थाने के उपनिरिक्षक थानाधिकारी सुरेश शर्मा के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। कोटा ग्रामीण एसपी ने बताया कि गठित टीम को हत्याकांड में शमिल अपराधियों की भूमिका का पता लगाने हेतु दिशा- निर्देश दिये गये। घटना स्थल पर एफएसएल, एमबाईयू एवं एमओबी टीम व साईबर सेल टीम को बुलाकर बारीकी से मौका स्थल का निरिक्षण कराया गया।टीम के सदस्य उपरिनिक्षक सुरेश शर्मा व सहायक उपनिरिक्षक भुपेन्द्र सिंह को सूचना मिली कि उक्त हत्याकांड में मृतका का मित्र शैतान राव उर्फ रोहित शामिल है। सूचना पर जब आरोपी की तलाश की गई तो आरोपी गांव से फरार हो गया। कोटा ग्रामीण एसपी ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिये थाने के विशेष टीम व साईबर टीम ने संभावित स्थानों पर दबिश दी और टीम ने कड़ी मेहनत करते हुए आरोपी शैतान राव उर्फ रोहित को डिटेन कर थाने लाकर पूछताछ की। कोटा ग्रामीण एसपी ने बताया कि पकड़े गये आरोपी ने पूछताछ में प्रेम संबध में हुए झगड़े के कारण युवती प्रीति का गला घोट कर हत्या करना स्वीकार किया। जिस पर कालारेवा निवासी आरोपी शैतान राव उर्फ रोहित (30) को गिरफ्तार कर लिया। यह था मामला-कोटा ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर ने बताया कि फरियादी मदनलाल ने सिमलिया थाने में रिपोर्ट दी। फरियादी ने कहा कि 12 मार्च की रात्रि को खाना खाकर परिवार सहित सो रहे थे उसकी दो बेटी अंतिमा व प्रीति कमरे में सो रही थी। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि 13 मार्च को सुबह जब बेटीयों के कमरे में गये तो कमरे में प्रीति नही मिली जिसको आस -पास तलाश किया तो उसकी बेटी प्रीति पड़ौसी की छत पर लेटी हुई मिली उसके गले में सूजन व खरोंच के निशान थे उसकी मृत्यु हो चूकी थी।

'होली के रंग सौहार्द और समन्वय का भाव जागृत करते हैं'

कोटा, (निसं)। श्री माहेश्वरी समाज कोटा से संबद्ध श्री माहेश्वरी सेवा समिति कुन्हाड़ी द्वारा होली स्नेह मिलन समारोह एवं फागोत्सव का आयोजन चंद्रा धाणी कुन्हाड़ी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला थे, एवं सानिध्य राजेश कृष्ण बिरला उपसभापति पश्चिमांचल अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा, अध्यक्ष श्री माहेश्वरी समाज कोटा का प्राप्त हुआ। इस अवसर पर बिरला ने कहा कि ऐसे सामूहिक आयोजन न केवल उल्लास को दोगुना करते हैं, बल्कि समाज में प्रेम और सौहार्द की भावना को भी प्रगाढ़ बनाते हैं। बिरला ने कहा कि इन कार्यक्रमों से समाज संगठित होता है, आपसी समन्वय का भाव स्थापित होता है और समाज की प्रगति के साथ ही धर्म की ध्वज पताकाएं लहराती हैं। राजेश बिरला ने सभी को आपस में प्रेम भाव और भाई चारे के साथ रहने का संदेश दिया एवं कार्यक्रम के दौरान समिति के भामाशाओं का भी सम्मान किया गया। समिति के अध्यक्ष मनीष मूंदश ने बताया कि ठाकुरजी के संग फूलों की होली खेली गई, फगोत्सव का आनंद लिया गया और आकर्षक झांकी सजाई गई, भगवान के भजनों पर श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया। सचिव बृज गोपाल भराड़िया एवं कोषाध्यक्ष गिरिराज माहेश्वरी ने बताया कि आयोजन के तहत एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी गई, होली का पर्व उल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर भजन संध्या का भी आयोजन किया गया जिसमें भजन प्रवाहक राजेंद्र पारीक द्वारा भजनों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष कृष्ण दास शारदा, सह-सचिव महेश झंवर, संगठन सचिव हेमंत न्याती, अर्थ संग्रह मंत्री प्रभु दयाल न्याती, संदीप पटेल, प्रचार प्रसार मंत्री नितेश पनवाड़, सिद्धार्थ न्याती, संगठन मंत्री हेमंत न्याती, विधिक सलाहकार आशीष माहेश्वरी , निवर्तमान अध्यक्ष महेश फलोड़, समस्त कार्यकारिणी सदस्य एवं समाजबंधु उपस्थित रहे।

- **श्री माहेश्वरी सेवा समिति कुन्हाड़ी का होली स्नेह मिलन एवं फागोत्सव का आयोजन**

होली स्नेह मिलन समारोह एवं फागोत्सव का आयोजन किया

जयंती महोत्सव की शुरूआत

बूंदी। गौतम जंयती महोत्सव 2025 के कार्यक्रमो की श्रृंखला मे रविवार को जयंती पदाधिकारियो व समाजबंधुओ ने मीरागेट स्थित जंगम की बगीची मे गायो को चारा खिलाकर जंयती महोत्सव कार्यक्रमो की शुरूआत की।

कार्यक्रम प्रभारी चंचल गौतम ने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार समाज बंधु रविवार सुबह जयंती संयोजक मुकेश भारद्वाज की अगुवाई मे मीरागेट स्थित जंगम की बगीची मे इकठठे हुये इस दौरान समाज बंधुओ ने गोवंश की पूजा अर्चना कर वहां उपस्थित गायो को चारा खिलाकर पूण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर जयंती संयोजक मुकेश भारद्वाज ने बताया कि गोवंश को चारा वितरण के साथ ही जयंती महोत्सव के कार्यक्रमो की शुरूआत हो गई है।

23 मार्च रविवार को महिलाओ की फूलो की रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिता होगी वही सुबह खेल संकुल मे दौड प्रतियोगिता, दोपहर को सत्यनारायण भवन मे कैरम शतरंज प्रतियोगिता होगी। इस दौरान गुर्जर गौड ब्रहाम्ण समाज जिलाध्यक्ष मनीष शर्मा, शहर अध्यक्ष नवल किशोर गौतम, संजय शर्मा, मनौज गौतम, कार्तिकेय शर्मा, विनित शर्मा, अमित शर्मा, विनोद शर्मा, राजेश शर्मा, भेरूप्रकाश गौतम, कुलदीप शर्मा, नरेश गौतम, लोकेश शर्मा, सुनील गौतम बॉबी आदि मौजूद रहे।

सार-समाचार

विवाह सम्मेलन 12 मई को

बूंदी। अखिल भारतीय बैरवा महासभा जिला शाखा बूंदी द्वारा होली स्नेह मिलन समारोह आज बाबा रामदेव मंदिर एवं महर्षि बालीनाथ छात्रावास परिसर बायपास रोड पर आयोजित किया गया। जहां समाजबंधुओं ने एक दूसरे के गुलाल से तिलक लगाकर होली की बधाई देते हुए सामुहिक विवाह सम्मलेन के पोस्टर का विमोचन किया। सम्मलेन संस्था के सचिव शंकरलाल बैरवा ने बताया कि अखिल भारतीय बैरवा महासभा के तत्वाधान में बैरवा समाज शिक्षा प्रसार एवं सामुहिक विवाह संस्था द्वारा आयोजित सामुहिक विवाह सम्मलेन 12 मई को किया जाएगा। इस दौरान सामुहिक विवाह सम्मलेन में पांच जोड़ों का मौके पर ही पंजीयन किया गया। इस अवसर पर सम्मलेन संस्था के अध्यक्ष ओमप्रकाश फौजी, संरक्षक प्रभुदयाल लोरतिया, उपाध्यक्ष बजरंगलाल आर्य, भारमल बैरवा, सचिव शंकरलाल बैरवा, कोषाध्यक्ष जितेंद्र जारवाल, एडवोकेट दिनेश कुमार लोरतिया, प्रेमशंकर बैरवा, जयकुमार बैरवा, नाथूलाल बैरवा, उच्चबलाल बैरवा, छात्रावास प्रभारी छोटूलाल बैरवा, लक्ष्मण बैरवा, रामदेव बैरवा, भेरूलाल बैरवा एवं पुजारी रामकरण सहित समाजबंधु मौजूद रहे।

कार्यकारिणी का गठन

बून्दी। तालेड़ा बघेरवाल दिगंबर जैन समाज के समाज बंधुओ की बैठक पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित हुई, जिसमें सर्वसम्मति से अजित जैन को अध्यक्ष चुना गया। बैठक में नई कार्यकारिणी में संरक्षक के पद पर पदम जैन, राकेश जैन, बाबूलाल जैन और त्रिलोकचंद जैन को चुना गया। उपाध्यक्ष पद पर सुमित जैन ,विमल जैन राकेश जैन, कोषाध्यक्ष जंबू कुमार जैन सीए, सचिव सुरेश जैन ,महामंत्री के पद पर संजीव जैन ,विनोद जैन एवं सलाहकार समिति में शांतिलाल जैन ,धन्नालाल जैन को चुना गया है गौरतलब है कि दिंगबर जैन बघेरवाल समाज के अध्यक्ष को लेकर पूर्व में समाज के दो पक्षों में विवाद चल रहा था, जिसके बाद एक पक्ष के द्वारा तालेड़ा थाने में करीब तीन से चार घंटे तक रात्रि में धरना भी दिया था। उसके बाद दोनों पक्षों में राजीनामा हुआ और पूर्व के दोनों अध्यक्ष मनोज जैन एवं धन्नालाल जैन को हटाए जाने के बाद जैन मंदिर में आम सूचना चस्पा करवाकर बैठक आयोजित कर नई कार्यकारिणी बनाकर बनाई गई। बैठक रजिस्टर की एक प्रति राजीनामे के अनुसार तालेड़ा थाने में पेश की गई।

पूजा अर्चना की

अन्ता । दो दिवसीय गणगौर महोत्सव को लेकर गणगौर महोत्सव आयोजन समिति द्वारा घाँसभेरू जी की पूजा अर्चना कर तैयारियां शुरू कर दी गई है। इस अवसर पर समिति के काकाजी विष्णुदत्त नन्दवाना, मुरलीधर शर्मा,बृजेश नन्दवाना, गोविन्द सोनी,रिंकु गुर्जर, राजकुमार नन्दवाना, देवेश व्यास, बंटी नन्दवाना, निर्मल वैष्णव, गणेश दाधीच सहित कई सदस्य मौजूद रहे। गणगौर महोत्सव समिति के धनराज चौरसिया ने बताया कि दो दिवसीय गणगौर महोत्सव 31 मार्च प्रथम दिन स्वर्ण आभूषणों से लेस ईशर-गणगौर के जोड़े की सवारी मय पुलिस जाप्ते के साथ साँय 6 बजे ओमप्रकाश नन्दवाना के मकान से प्रारम्भ होकर काकाजी विष्णुदत्त नन्दवाना के मकान पर, धोलो के मंदिर,सर्राफा बाजार,हेली का चोक,दाऊजी के मन्दिर होती हुई ओमप्रकाश नन्दवाना के मकान पर समापन होगा।

चित्रगुप्त कलम दवात का पूजन संपन्न

कोटा, (निसं)। चैत्र माह के भाई दूज के अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रवक्ता कीर्ति माथुर ने बताया कि रियासत कालीन पुराने शहर कोटा में श्रीपुरा मेंन रोड स्थित चित्रगुप्त मीडिया सेंटर व गिर्राज केबल नेटवर्क पर आराध्यदेव कलम दवात का पूजन किया गया, कार्यक्रम का संचालन कीर्ति माथुर ने किया, अध्यक्षता उमा माथुर ने परंपरागत रीति रिवाज से कराया, डॉ.अमित माथुर, निखिल, जैयश, बरखा माथुर, केशव माथुर, हर्षित माथुर, दुर्गा माथुर धंन्नो इत्यादि ने संबोधित किया, विशेष आमंत्रित कौशल्या, विवेक, श्वेता भटनागर, विशेष आमंत्रित तपेश निर्मला, रमेश कौशल्या माथुर, जगदीश भुवनेश्वरी माथुर, गिरीश प्रमिला माथुर, श्रीवास्तव, योगेश, हेमू,सुरमी श्रीवास्तव, बूंदी से आए राहुल, शालू माथुर, पाटन से नवीन माथुर, इत्यादि ने संबोधित किया, बांरा से आए रवि पुष्पा माथुर ने संगीतमय आरती संपन्न करवाई, महिला मंडल से मनीषा, विजेता,सीमा इत्यादि ने चित्रगुप्त भजन की प्रस्तुति की, अंत में गिरिराज माथुर द्वारा चित्रगुप्त जयंती समस्त आए समाज बंधुओ का आभार प्रकट किया तथा सभी को धन्यवाद दिया

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया

रावतभाटा । भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेंद्र सिंह हाड़ा ने जयपुर पहुंचकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा राजस्थान द्वारा जयपुर भाजपा कार्यालय में भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी के नेतृत्व में नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के अभिनंदन एवं सम्मान समारोह में शामिल हुए। भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेंद्र सिंह हाड़ा जयपुर भाजपा कार्यालय पहुंचकर आयोजित सम्मान समारोह में भाग लिया एवं नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़,केंद्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी,राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सीआर चौधरी,किसान मोर्चा प्रदेश प्रभारी मोतीलाल मीणा,प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा,भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच का स्वागत किया, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ को नव दायित्व की शुभकामनाएं दी।

राजपूत बालिका छात्रावास का उद्घाटन

बून्दी। बून्दी जिला क्षित्रय शिक्षा प्रचारिणी समिति के तत्वावधान में स्व. कर्नल बहादुर सिंह की 105वीं जयन्ती श्रद्धा से मनाई गई। इस अवसर पर बहादुर सिंह सर्किल स्थित उनकी प्रतिमा पर समिति के पदाधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों व समाज बंधुओं ने माल्यार्पण व श्रद्धासुमन अर्पित किए। समिति की ओर से आयोजित दुपहिया वाहन रैली मेवाड़ के पूर्व राज परिवार सदस्य अरविन्द सिंह का निधन होने के कारण स्थगित कर दी गई। समिति के उपाध्यक्ष बुन्देल सिंह राठौड़ ने बताया कि इस अवसर पर नैनवां रोड़ पर नव निर्मित अमर कंवर राजपूत बालिका छात्रावास का मुख्य अतिथि पूर्व सांसद इज्यराज सिंह हाड़ा, राज परिवार बून्दी से जुड़े वंशवर्धन सिंह व संभागीय आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत, समाजसेवी एवं भामाशाह महिपत सिंह हाड़ा, जिला प्रमुख चंद्रावती कंवर आदि ने विधिवत समाजबंधुओं की मौजूदगी में उद्घाटन किया।

होली मिलन समारोह मनाया

कोटा, (निसं)। आदर्श दिव्यांग सेवा संस्थान द्वारा कार्यालय आदर्श कॉमर्स कोचिंग में होली मिलन समारोह का आयोजन रखा गया संस्था के संरक्षक रजनीश नागर ने बताया कि अभी हाल ही में रेलवे डीआरसी की मीटिंग में दिव्यांगजनों के हित में बहुत ही महत्वपूर्ण निर्णय रेलवे द्वारा लिये गये साथ ही डीआरएम के साथ 6 सदस्य दिव्यागों की टीम जाकर रेलवे स्टेशन जाकर सर्वे करेगी कि दिव्यांगजनों को और किस सुविधा की जरूरत है या और क्या परेशानी होती है उसको सरल बनाने के लिए खुद डीआरएम साथ में रहकर उनको दिव्यांगजन अपनी समस्याएं बताएंगे इसके लिए एक कमेटी बनाई गई साथ ही संस्था के दो सदस्य हेमलता जैन व प्रकाश पांडे का जन्मदिन मनाया गया। साथ ही संस्था द्वारा एमबीएस अस्पताल में दिव्यांगजनों के लिए सोमवार और गुरुवार को निशुल्क कैंप में संस्था द्वारा फ्री दिव्यांग यूड़ीआईडी कार्ड बनाने हेतु सेवा दी जाएगी।

झाड़ियों में शव मिला

कोटा, (निसं)। उद्योग नगर थाना इलाके में उस समय हडकंप मच गया जब संजय नगर मोटर मार्केट की झाड़ियों मे तीन-चार दिन पुराना एक व्यक्ति का शव मिला। झाड़ियों में शव पड़े होने की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। उद्योग नगर थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि संजय नगर मोटर मार्केट के पास अज्ञात व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना मिली। जिस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव में से बदबू आ रही थी शव तीन-चार दिन पुराना लग रहा था। मौके पर मृतक की शिनाख्त के प्रयास किये गये, मौके पर मृतक की शिनाख्त नही होने पर मृतक के शव को एमबीएस अस्पताल के पोस्टमार्टम रूम में रखवा दिया गया है। मृतक की शिनाख्त के प्रयास जारी है।

चलती ट्रेन से गिरने से महिला की मौत

बूंदी। रविवार को जरखोदा रेलवे पुलिया से चलती ट्रेन से नीचे गिरने से 45 वर्ष से महिला की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यमुना ब्रिज आगरा निवासी 45 वर्ष से नूरबानो अपने पति के साथ चित्तौड जावरा दरगाह में आई थी। यहां से वापस जाते समय जरखोदा रेलवे पुलिया के पास अचानक ट्रेन से नीचे गिर गई। जिससे उसकी मौत हो गई। जीआरपी पुलिस ने शव को अस्पताल में रखवाया और पोस्टमार्टम कराया।